## सार-समाचार

### कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइन का निरीक्षण किया

**करौली।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर बग्गी खाना, केशव पुरा सहित अन्य कॉलोनी में सीवर लाइन का पानी नाले में जाने से हो रही परेशानी की समस्या के समाधान को लेकर निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण कर नगर परिषद अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली साथ ही जल्द समस्या समाधान के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बग्गी खाना,पावर हाउस क्षेत्र में सीवर लाइन से नाली में जा रहे पानी की स्थिति को देखते हुए त्वरित निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंच कर स्थिति का निरीक्षण किया साथ ही क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर परिषद अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने क्षितठास्त सीवरेज लाइन, ट्रीटमेंट प्लांट और डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने जब अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली तो सीबरेज ट्रीटमेंट प्लांट और डंपिंग यार्ड का बिजली कनेक्शन कटा हुआ होने के लिए जानकारी मिली। जिसके बाद जिला कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को जल्द बिजली कनेक्शन सुचारू करने और समस्या के समाधान के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि क्षेत्र की लोगों की परेशानी की सूचना मिलने पर उन्होंने तुरंत क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए हैं। जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ कार्यकारिणी के चुनाव आज

**करौली।** शिक्षक संघ अम्बेडकर के ब्लॉक कार्यकारणी चुनाव आज रविवार को हिंडौन एवं 22 को सपोटरा में राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के प्रदेश चुनाव संचालन समिति के निर्देशानुसार ब्लॉक कार्य करणीय 30 अप्रैल तक पुनर्गठित करनी है। संगठन प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत ने बताया कि जिलाध्यक्ष रूपसिंह मीना एवं महामंत्री विष्णु मण्डल ने प्रेस विज्ञिप्त जारी कर हिंडौन, सूरौठ एवं सपोटरा कि ब्लॉक कार्यकारिणी निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित किया है उन्होने बताया कि आज रविवार 20 अप्रैल को जाटव बस्ती हिंडौन में शाम 4:00बजे से चुनाव अधिकारी अमृत लाल छाबड़ा तथा पर्यवेक्षक जसराज मीना के निर्देशन में हिंडौन कार्यकारणी तथा वहीं सूरौठ ब्लॉक कार्यकारिणी का शाम 5:00 बजे से निर्वाचन होगा,इसी प्रकार सपोटरा ब्लॉक कार्यकारिणी का 22 अप्रैल को मीना धर्मशाला सपोटरा में शाम 4:00 बजे से सुभाष चंद मीना चुनाव अधिकारी तथा शैलेंद्र बागौरिया प्राचार्य के पर्यवेक्षण में शिक्षक संघ अम्बेडकर ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव यथा संभव निर्विरोध किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनने पर अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया जाएगा संगठन के सदस्य शिक्षक निर्वाचन में भाग ले सकेंगे।

### 100 विद्यार्थियों का चयन

**गंगापुर सिटी।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रति वर्ष नये आयाम स्थापित करने वाले एवं प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड से सम्मानित कुहू इंटरनेशनल एकेडमी के 10० विद्यार्थियों का आईआईटी एडवांस की परीक्षा के चयन हुआ। विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत शर्मा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मिथलेश शर्मा द्वारा विद्यालय के विजयालक्ष्मी ऑडिटोरियम में सफल विद्यार्थियों को एवं उनके माता पिता को माला, साफा एवं मुँह मीठा करवाकर स्वागत किया गया। इसी बीच विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि लगभग 6०प्रतिशत विद्यार्थियों का 12 वी के साथ आईआईटी एडवांस के लिए चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों में शिवकुमार गुर्जर, मयंक कुमार, विमल गुर्जर, गणेश गुर्जर, महेंद्र जाटव, पूरण मीना, अंकित मीना, अभिषेक मीना, विवेक कुमार मीना एवं पूजा मीना शामिल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मिथलेश शर्मा ने बताया कि आईआईटी जैसे परीक्षा में कक्षा 12 में अध्यनरत रहते हुए उसे क्वालीफाई करना यह एकेडमी की उपलब्धि को दर्शाता है। साथ ही बताया कि अपनी प्रतिभा का परिचय देकर कुहू इंटरनेशनल एकेडमी के नाम को एक बार फिर गौरवान्वित करने वाले विद्यार्थियों ने क्वॉलिटी वाइज शहर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर संस्कार से सफलता तक की यात्रा के मुख्य उद्देश्य को सार्थक किया है। अंत में निदेशक महोदय ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं बताया कि कुहू स्कूल बच्चों की श्रेष्ठ शिक्षा व संस्कार के किए समर्पित है।

### दो जन गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पिछले दो साल से फरार चल रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इन्हें पकडा। गिरफ्तार आरोपियों में महुकलां निवासी 2० वर्षीय अजय माली और ताजपुर रोड स्थित चूली की ढाणी छावा निवासी 26 वर्षीय महेन्द्र माली शामिल हैं। दोनों पर 2-2 हजार रुपए का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में की गई। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा, वृत्ताधिकारी संतराम मीना और थानाधिकारी करण सिंह का नेतृत्व रहा। थाना गंगापुरसिटी में दोनों के खिलाफ मामला संख्या 22०/2०23 दर्ज है। आरोपियों पर आईपीसी की धारा 3०7, 452, 323, 324, 325, 326, 143 के तहत मुकदमा चल रहा है। इस मामले में पहले ही तीन इनामी बदमाश गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कार्रवाई में डीएसटी टीम गंगापुरसिटी के थानाधिकारी करण सिंह के साथ कॉन्स्टेबल कैलाश चंद, विजय सिंह, जितेन्द्र कुमार, घनश्याम सिंह और राजेन्द्र धाकड शामिल रहे।

### कोच मोहन सिंह ने खिलाड़ियों को सिखाई क्रिकेट की बारीकियां

**भरतपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ के निर्देशन पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के तत्वाधान में लगाई जा रहे 15 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर के दौरान राजस्थान के पूर्व रणजी खिलाड़ी और वर्तमान में बीसीसीआई के लेवल-1 क्रिकेट कोच मोहन सिंह गुर्जर ने भरतपुर में उपस्थित होकर शिविर में आ रहे सभी खिलाड़ियों को क्रिकेट खेल की बारीकियां सिखाई तथा खिलाड़ियों के खेल को और बेहतर करने के शानदार सुझाव देते हुए अपने अनुभव साझा किए। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि मोहन सिंह ने लगभग 5 साल राजस्थान से रणजी ट्रॉफी खेली तथा इंडिया ए के भी खिलाड़ी रहे एवं राजस्थान क्रिकेट संघ के कोच भी लंबे समय तक रहे मोहन सिंह अब भरतपुर में दो दिन तक उपस्थित रहकर खिलाड़ियों को अपने खेल में अधिक सुधार कैसे किया जाए यह ट्रेनिंग देंगे तिवारी ने यह भी बताया कि इस बार जिला क्रिकेट संघ द्वारा एक अनोखी पहल की गई है जो खिलाड़ी भरतपुर शहर के बाहर के हैं उन खिलाड़ियों के लिए रहने व खाने-पीने की व्यवस्था भी निःशुल्क संघ द्वारा की गई है इस बार यह कैंप आवासीय लगाया जा रहा है तथा आने वाले दोनों में और भी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच इस ठाीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर के दौरान उपस्थित रहेंगे कैम्प के दौरान सभी खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ द्वारा चना,केला, दूध, बिस्किट, बॉल एवं खेल सामठाी आदि निःशुल्क दी जा रही है शिविर के दौरान अन्य कोच प्रेम सिंह, देवेंद्र सिंह कालू , गौरव फौजदार, रूपेंद्र मोहन अविनाश सोनी, रजत शर्मा आदि भी खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां से रूबरू करा कर खिलाड़ियों की खेल को और निखरेने का प्रयास कर रहे हैं।

### आरोपी पकड़ा

**गंगापुर सिटी।** पुलिस ने एक बडी सफलता हासिल की है। डीएसटी टीम ने खास मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सानू उर्फ शाहबाज (24) के रूप में हुई है। वह नसिया कॉलोनी गंगापुरसिटी का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी 19 अप्रैल 2०25 को की गई। आरोपी के खिलाफ थाना गंगापुरसिटी में केस नंबर 2०6/2०24 दर्ज है। उस पर एससी-एसटी एक्ट की धारा 3 सहित कई धाराओं में मामला दर्ज है। थानाधिकारी करण सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और वृत्ताधिकारी संतराम मीना का सुपरविजन रहा। आरोपी को अनुसंधान अधिकारी संतराम मीना के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में पहले ही दो आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तारी में वृत्ताधिकारी संतराम मीना, कांस्टेबल कैलाश चंद, विजय सिंह, जितेंद्र कुमार, घनश्याम सिंह और राजेंद्र धाकड की टीम शामिल रही।

# हिंदुस्तान पर विद्रोह नहीं सहेगा हिंदुस्तान : विश्व हिंदू परिषद

■ दल बजरंग ने ममता बनर्जी मठ का गठन किया

**भरतपुर।** विश्व हिंदू परिषद के मान्यता प्राप्त विष्णु वानी के नेतृत्व में बंगाल में हो रहे हिंदुत्व सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

विष्णु विष्णु ने बताया कि पूरे बंगाल में वक्फ कानून के विरोध की आड में जिस प्रकार की हिंसाएं जलाई जा रही हैं, छात्रों को संबोधित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी आंदोलनों को अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उन्हें स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अतिशयोक्तिपूर्ण है।

जिला उपाध्यक्ष डॉ.रविन्द्र कुंतल ने बताया कि मुर्शिदाबाद सेकेअर में यह भीषण हिंसा अब पूरे बंगाल में भड़की हुई दिखाई दे रही है। दंगाइयों के सामने केवल शैतान ही नहीं, कई ठिकानों पर उनके सहायक या उपदेशक बन गए हैं। इससे पहले कि स्थिति से बाहर नियंत्रण हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण और ऑपरेशन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए दंडित करना चाहिए।

प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल ने बताया कि 11 अप्रैल, 2025 को मुस्लिमों द्वारा वक्फ कानून के विरोध में की गई भीड़ को हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में शामिल नहीं किया गया था, जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी।

इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फ तो केवल छोड़ना था, वास्तविक उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू बनाना था। इस उन्मादी जिहादी भीड़ ने 200 से अधिक घरों और व्यापारियों को लूटकर जला दिया, सैकडो हिंदुओं को बुरी तरह से घायल कर दिया गया और तीन नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई। बक्षीस महिलाओं के शीलभंग भी गए।

परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों का मुर्शिदाबाद से पलायन करना। उनके करीबी ने उनकी चिंता एवं सहायता करने की धमकी दी, जब ममता बनर्जी ने उनका साथ नहीं दिया तो उन्होंने अपनी औकात बता दी।

अब यह सारा तथ्य सामने आने पर यह समाचार मिल रहा है कि ममता जी अब ओझा को सुविधा देने वाली जगह पर जेहादियों के सामने जेल में बंद करने की साजिश कर रही हैं अंत में बजरंग दल के जिला अध्यक्ष शुभम संतरा एवं विहिप नगर के मंत्री लाखन शर्मा के संघ में ममता बनर्जी का अंतिम संस्कार किया गया।

कार्यक्रम में समरसता प्रमुख रामअवध बघेल, विनोद मदारपुर, अमित जिंदल, अंकित सिंह, केशव चौधरी, आलोक शर्मा, मोहित सिंह, रवि फौजदार, अर्जुन रवि गुर्जर, गोपालगढ, ऋतांशु त्यागी, कमल मित्र, कपिल फौजदार, प्रशांत मित्र, निश्चल संगीतकार, रुचि शर्मा, जीतू सोनी, राहुल सिंह, सौरभ चौधरी आदि मौजूद रहे।

## केंद्र की तानाशाही का विरोध

**भरतपुर।** उच्चैन में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से उच्चैन ब्लॉक में लगाए गये कार्यक्रम प्रभारी अजयपाल दारापुरिया के नेतृत्व में नेशनल हेराल्ड मामले में केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शन में मौजूद ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा सरकार द्वारा विपक्ष को कुचलने की कोशिश को कांठोस कभी भी कामयाब नहीं होने देगी।

इस अवसर पर ब्रज मावई,धनेश खटाना, देशराज पहलवान, मिश्री लाल धाकड, सत्तार खान, मनोज शर्मा, नरेन्द्र जांगिड, बच्चू भगत इत्यादि उपस्थित रहे।

# बेढ़म बोले संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्यक्रम उपयोगी

**डीग भरतपुर।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम शनिवार और रविवार को डीग, भरतपुर और कोटा जिले के दौरे पर है। गृह राज्य मंत्री शनिवार को श्री ब्राह्मण समाज समिति धर्मशाला नगर के सभागार में आयोजित साहित्य महाकुंभ 2025 कार्यक्रम में पहुंचे जहां उन्होंने साहित्यकारों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें साहित्य जगत में भारतवर्ष का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साहित्य महाकुंभ 2025 एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय काव्य सितारे मंच जयपुर एवं ब्रजवानी जन सेवा समिति नगर द्वारा किया गया। गृह राज्य मंत्री ने बताया कि आयोजन समिति द्वारा आयोजित ये कार्यक्रम साहित्यकारों एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसी आशा और विश्वास के साथ उन्होंने आयोजन समिति का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया। इससे पहले, कार्यक्रम में मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आयोजकों ने गृह राज्य मंत्री का साफा बांधकर कर स्वागत सत्कार किया और कार्यक्रम में पहुंचने के लिए उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए वहीं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ प्रोफेसर इंदु प्रकाश सिंह धौलपुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में काशीराम गर्ग, कैप्टन लक्ष्मी नारायण और कैलाश मिश्रा मौजूद रहे। ब्रजवाड़ी साहित्यिक संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष साहित्य का महाकुंभ का आयोजन किया जाता है जिसमें संपूर्ण देश के चुनिंदा साहित्यकारों भाग लेते है।

# निकाली बाइक रैली, पोस्टर का विमोचन

**जूनून।** विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के प्राकट्यय दिवस के अवसर पर 27/04/2025 को विप्र फाउंडेशन युवा द्वारा बैक रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसका पोस्टर आज निरस्त किया गया है। दयाचंद पचसौरी, फ़्लोरिडा डॉ. स्थिर पाराशर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के अनिल भारद्वाज, सेफ इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अमृत भारद्वाज द्वारा किया गया। साथ ही समस्त ब्राह्मण समाज से बाइक रैली का समर्थन करने का आ ान किया। विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेश मुख्यालय और बाइक रैली के प्रभारी देवाशीष भारद्वाज ने बताया कि विप्र महासचिव बैक रैली 27 अप्रैल को सायं 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक परशुराम मंदिर सेक्टर - 3 सेक्टर के सेक्टर कुम्हेर गेट से लक्ष्मण मंदिर चाउबुर्जा से बिजली घर कन्नी गुर्जर से रेड क्रॉस होने के बाद फिर से शुरू हो गया। साथ ही विप्र फाउंडेशन के आगामी सामूहिक यज्ञो पवित्र संस्कार कार्यक्रम की सूची जारी होगी व विप्र का सिद्धांत अर्थ कर्मनिष्ठ, विद्वान, मेधावी, धर्मपरायण होता है। इस रैली का नाम विप्र जागरण रखा गया है। ऐसे सभी लोग रैली का सहयोग करें। पोस्टर रिडेम्पशन कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण महासभा के युवा और बाइक रैली के सदस्य आकाश शर्मा, बृजभूषण पाराशर, अभिषेक तिवारी, प्रिंस शर्मा, पीयूष दीक्षित, चंद्रप्रकाश शर्मा, राहुल शर्मा मालीपुरा, कोमल शर्मा, गौरव शर्मा, आलोक भारद्वाज, मयंक शर्मा, रविकांत, दीपांशु, माधव आदि।

## चंदलाई फिर बने अध्यक्ष

**भरतपुर।** रामसिंह चंदलाई राजपूत सभा जयपुर के फिर से अध्यक्ष बनने पर राम सिंह चंदलाई का स्वागत सम्मान किया गया। होटल गुमान मे स्वागत समारोह रिटायर्ड एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह कविया के सानिध्य में आयोजित किया गया। राम सिंह चंदलाई का साफा माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नए अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने कहा संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर रिटायर्ड एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह कविया, महेश डेरी वाले, प्रदीप हापावत आदि मौजूद रहे।

## भागवत कथा सुनने उमड़ रही है भीड़

**करौली।** भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा को सुनने के लिए लोगों कि भीड़ उमड रही है वहीं बीच-बीच में भजनों पर महिलाएं ठुमके लगाकर आनंद ले रही हैं। जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में चटीकना निवासी बृजभूषण शर्मा, श्रीमती प्रियंका शर्मा परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है जिसमें कथा वाचक विद्या उपासक सनातन जी महाराज लोगों को भागवत कथा के ज्ञान से रूबरू करा रहे हैं उनके मुखारविंद से सुनाई जा रही कथा को सुनने के लिए लोगों कि भीड़ उमड रही है शनिवार को कथा के दूसरे दिन श्रीमद् भागवत जी का स्वरूप वर्णन एवं सुखदेव जी का आगमन भीष्म स्तुति भगवान कि कृपा कुंती माता पर एवं भक्ति कि महिमा का वर्णन किया गया और साथ में भक्त और भगवान श्री कृष्ण की दिव्य झांकी प्रस्तुत की गई राजा परीक्षित के रूप में यजमान बृजभूषण शर्मा श्रीमती प्रियंका शर्मा प्रतिनिधित्व के रूमें झांकी भी प्रस्तुत की गई।

# बेजुबानों को बचायेगी गर्मी और हीटवेव की मार

■ साथ ही जिले में उपलब्ध पेयजल स्त्रोतों के पास पशु प्याऊ लगाने

**करौली।** ग्रीष्म ऋतु एवं तीव्र हीटवेव की मार से पक्षियों को बचाने के लिए जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक संवेदनशील पहल 'एक परिंदा मेरा भी' की शुरुआत की है।

बेजुबानों का बने सहारा, के पुनीत उद्देश्य को साकार करने की दिशा में जिला कलेक्टर ने समस्त कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध पेडों पर परिंडे लगाने के लिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही जिले में उपलब्ध पेयजल स्त्रोतों के पास पशु प्याऊ लगाने और पशु-पक्षियों हेतु दाना-पानी एवं चारा इत्यादि की व्यवस्था करवाने के लिए कहा। इस पुनीत कार्य में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाने के निर्देश दिये गये है। इस दौरान जिला कलक्टर ने जिलेवासियों से मूक जीव-जन्तु एवं पशु-पक्षियों के हित में अपना अपना योगदान देते हुए जिला प्रशासन करौली द्वारा चलाये जा रहे एक परिंदा मेरा भी अभियान को सफल बनाने की अपील की। उपरोक्त अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अभियान का जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी प्रेमराज मीना को ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी, विकास अधिकारी को पंचायत समिति सह नोडल अधिकारी, पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी को ठााम पंचायत स्तरीय नोडल अधिकारी (समस्त ठााम) को ठााम विकास अधिकारी सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का जिला, ब्लॉक, ठााम पंचायत स्तर पर 24 अप्रेल, 2025 को प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक सम्पूर्ण जिले में एक साथ आगाज किया जावेगा।

## पोखर में डूबने से बालक की मौत

**नदबई।** लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला धरसौनी में पालतू पशुओं को पोखर में पानी पिलाने दौरान असंतुलित होकर डूबने से बारह बर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस ने ठाामीणों के सहयोग से करीब एक घण्टा मशक्कत कर बालक के शव को निकाला। बाद में पुलिस ने जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया। सूत्रों के अनुसार लवेश जाटव ने अपने पिता हंसराज जाटव के उपचार के लिए बयाना जाने को कहा। बालक की जिद पर ही हंसराज अपनी पत्नी व छोटे पुत्र को लेकर उपचार कराने गया। घर में अकेला होने के चलते बालक लवेश, अपने पालतू पशुओं को पानी पिलाने के लिए पोखर पर ले गया। इसी दौरान असंतुलित होकर पोखर में गिरने से बालक की मौत हो गई। घर नही लौटने पर अन्य परिजनों ने बालक को तलाश किया। पोखर में बालक की चप्पल तैरता देख, ठाामीणों ने पोखर में डूबने का अंदेशा जताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने करीब एक घण्टा मशक्कत कर बालक के शव को पोखर से निकाला।

# सिरस जैन मेले में गूंजे महावीर जी के जयकारे

■ मंगल की बोली 55 हजार में अजित जैन के नाम की छूट

**हलैना।** श्री श्वेतांबर जैन तीर्थ ट्रस्ट और श्वेतांबर जैन समुदाय के ओर से गांव सिरस में स्थित भगवान श्री कलिकाल कल्पतरू श्री महावीर जी मंदिर पर भगवान श्री महावीर जी रथ यात्रा मेला लगा। जिसमें विशाल साख्यान में जैन समुदाय उमदा और जैन मंदिर में मंदिर श्री महावीर जी सहित 24 जैन तीर्थयात्रियों के दर्शन कर रथयात्रा में शामिल हुए और विश्वशांति, पारिवारिक कल्याण, मानव सेवा, पर्यावरण की शुद्धता, स्वच्छता, मूक बधिर प्राणियों की रक्षा, खानिज और वन संपदा का संरक्षण, भाईचारा, देशभक्ति आदि का संकल्प लिया गया। साथ ही भगवान श्री महावीर जी तथा जैन तीर्थकरों के उपदेश एवं जैन मुनियों के उपदेश मार्ग जीवन में अमल करने का निर्णय लिया। मेले में जाने वाली माला की बोली कस्वा हलैना के मूल निवासी एवं हाल रेजिडेंट अजित जैन-गौरव जैन के नाम 55 हजार में छूटी। इस बोली के अलावा अन्य बोली भी लगी। जैन मंदिर में मंदिर श्री कलिकाल कल्पतरू श्री महावीर जी सहित 24 तीर्थकरों की पूजा- रथयात्रा के बाद रथयात्रा हुई। रथ को जैन समुदाय के लोग हाथों से खींचते थे और भगवान श्री महावीर जी के जयकारे लगाते हुए नाचते-कूदते चल रहे थे। जो यात्रा मंदिर से शुरू हुई और गांव के मुख्य मार्ग पर मंदिर पर छापा मारा गया, जहां रथ में रथयात्रा करके महावीर जी की पूजा-आरती की गई। उसके बाद भजन गायन,प्रसादी,अतिथि सम्मान आदि कार्यक्रम हुए। श्री श्वेतांबर जैन तीर्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रिखब चंद जैन ने बताया कि श्री श्वेतांबर जैन तीर्थ ट्रस्ट और जैन समुदाय के गांव सिरस में भगवान श्री महावीर जी की रथयात्रा का आयोजन किया गया था और भगवान कलिकाल कल्पतरू श्री महावीर स्वामी सहित 24 जैन तीर्थकरों की पूजा-साक्ष्य, रथ यात्रा व माला आदि की बोली, रथ निर्माता, भजन गायन आदि की यात्रा की गई। भजन गायक श्रीपाल ने भजन गायन की प्रस्तुतियां देकर सभी को भावविभोर कर दिया। मॉडल में जूनून, अलवर, जयपुर, करौली, आगरा, कलकत्ता, मथुरा, अजमेर, फिरोजाबाद, टुंडला, अहमदाबाद, दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, सवाईमाधोपुर, पलवल, नोएडा, गाजियाबाद, टोंक, कोटा, झालावाड, डीग आदि जिले शामिल हैं जिनमें खेडलीगंज, भिवाड़ी, वैर, वर्षगढ़, महवा शामिल हैं। हिंडन, बयाना, हलैना, मोलोनी, मूडिया सादा आदि स्थानों के जैन समुदाय के लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर भिवाड़ी के अपवित्र जैन, वैर के शरीष जैन, हिंडन के राम जैन, सतीश कुमार जैन, हलैना के अनीत जैन, मुकेश जैन, महावीर प्रसाद जैन, पदम जैन, राजेश कुमार जैन, बाबूलाल जैन, विमल जैन, अशोक जैन कठूमर, दीपचंद मिश्रा, मुरारी जैन, शिखर जैन आदि का सहयोग रहा है।

## सार-समाचार

### दीपिका जैन दीक्षा लेगी

**हिण्डौन सिटी।** जैन श्वेतांबर पल्लीवाल संघ हिण्डौन सिटी की एक जैन बालिका 14 मई को चैन्नई में दीक्षा ग्रहण करेंगी । जैन दीक्षा ग्रहण करने वाली दीपिका जैन ने अपने जीवन परिचय में बताया कि पिता प्रकाश चंद जैन एवं माता विमला देवी जैन की रत्नाकुक्षी से जन्म लेने वाले 9 भाई-बहनों में वो सबसे छोटी बेटी हैं। जिनकी उम्र 30 वर्ष है और आपने जयपुर में रहकर एम.कॉम और एमबीए की उच्च शिक्षा प्राप्त की है। जीवन में आए इस परिवर्तन को लेकर पूछे के सवाल के जवाब में मुमुक्षु दीपिका जैन कहती हैं कि 8 वर्ष से पूज्य जैन साध्वी के साथ रहकर तीर्थंकर पथ पर चलने के लिए अठासर हुई है। मुमुक्षु दीपिका जैन अपने गुरु के सानिध्य में रहकर जैन शास्त्रों में पंच प्रतिक्रमण, चार प्रकरण, तीन भाष्य, तीन कर्म ठांथ, संस्कृत प्रथम खण्ड, वितराग स्त्रोत एवं नव स्मरण आदि का अध्ययन किया है। वैराग्य भावों का अनुसरण करते हुए बहन दीपिका ने 4 नवपद ओली जी, 4 वर्ष ज्ञान पंचमी तप, पोषदशम, वर्धमान तप की 9 ओली, अठ्ठाई, अठ्ठम् और एक छठ्ठ तप, 2 चौसठ प्रहरी पोषद और गुरु साध्वी के साथ लगभग 3000 किमी पैदल विहार किया है। मुमुक्षु दीपिका जैन जैन दीक्षा के बारे बताते हुए कहती हैं कि विश्व में प्रचलित विभिन्न प्रथाओं में से एक सबसे सर्वोत्कृष्ट प्रथा है तीर्थंकर भगवान के समक्ष तीन याचना करना "मम मुंडावेह", "मम पव्वावेह", "मम वेसं समप्पेह"। अनगिनत आत्माओं ने ये तीन अंतर्नाद करके भगवान महावीर के निर्वाण के 2600 वर्ष के बाद भी "प्रव्रज्या (दीक्षा) ठाहण" की पवित्र प्रथा को जीवंत रखा है। इसी प्रथा का अनुसरण करते हुए मैं भी 14 मई, 2025 के दिवस शुभ मुहूर्त में चैन्नई शहर में रजोहरण ठाहण के लिए जा रही हूँ। प्रेस वार्ता के दौरान मुमुक्षु दीपिका जैन कहती हैं कि इधर-उधर जमीन पर अंकुरित हुए बीज से पनपने वाले पौधे की कोई देखभाल करे शायद ये संभव नहीं, किंतु एक उद्यान में प्रस्फुटित हुए पौधे की देखभाल के लिए एक बागवान होता है और वह बागवान उस पौधे को सींचकर एक वटवृक्ष अथवा फलदायी या फिर सुगंधित पुष्प देने वाला वृक्ष बना देता है। ऐसे ही मेरे जीवन में मेरे गुरु ने धर्म के संस्कार और धर्म रुपी निर्मल जल एवं खाद से सिंचन कर आज उत्कृष्ट सुगंधित पुष्प बना दिया है। दीपिका बहन पूज्य पंन्यास श्री धैर्य सुंदर विजय जी महाराज और पूज्य साध्वी धैर्यनिधि श्री जी महाराज के चरणों में अपना जीवन समर्पित करने जा रही हैं। दीक्षा ग्रहण करने वाली मुमुक्षु दीपिका जैन ने दीक्षा ठाहण करने के पश्चात होने वाले जीवन परिवर्तन और क्रियाओं के बारे में बताते हुए कहा कि दीक्षा लेने के उपरांत पूर्व के जुड़े संसार के रिश्ते नाते छूट जाते हैं ये एक तरह से नये जीवन का उदय जैसा है जैन दीक्षा लेने के बाद, व्यक्ति एक जैन साधु या साध्वी बन जाता है, जो अपने जीवन को पूरी तरह से आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों के लिए समर्पित कर देता है। यह दीक्षा सांसारिक जीवन त्याग कर मोक्ष की प्राप्ति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दीक्षा लेने के बाद व्यक्ति को अपना घर, संपत्ति, और परिवार त्याग देता है। वे तब सांसारिक जीवन के बंधन से मुक्त हो जाते हैं। जैन साधु और साध्वियों का जीवन बहुत अनुशासित होता है। वे दिन भर में विभिन्न धार्मिक क्रियाकलाप करते हैं, जैसे कि ध्यान, प्रार्थना, और अध्ययन आदि। ऐसे ही जैन साधु और साध्वियों को अपना भोजन भिक्षा के रूप में प्राप्त करना होता है। वे घर-घर जाकर गोक्षरी (भोजन) की मांग करते हैं। पानी भी उबालकर सूर्योदय के बाद और सूर्यास्त से पूर्व तक ही ठाहण करते हैं। जैन धर्म के सिद्धांत के अनुसार वे प्राकृतिक नियमों का पालन करते हैं, जैसे कि अहिंसा, अपरिठाह, मिथ्या, मोह आदि का त्याग कर देते हैं। इसके अतिरिक्त अपना जीवन ध्यान और तपस्या के लिए समर्पित होता है।

### मदन मोहन गौरव सम्मान से विभूषित

**हिंडौन सिटी।** संयुक्त अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक मंच दिल्ली के तत्त्वावधान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,केशवपुरम के सभागार में केंद्रीय चेयरमैन सविता कादियान पंवार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राजस्थान के करौली जिले के हिण्डौन सिटी निवासी मदन मोहन भास्कर को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने और शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने पर डॉ. अंबेडकर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली नगर निगम,दिल्ली सरकार, दिल्ली विश्वविद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रोफेसरों, प्रचार्यों, प्रधानाचार्यों,शिक्षकों एवं समाज के प्रतिष्ठित प्रबुद्धजनों सहित सैकड़ों लोग शामिल हुये। इस सम्मान समारोह में शिक्षकों, प्रतिभाशाली छात्र - छात्राओं और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को डॉ. अंबेडकर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर महिला मंडल द्वारा भीम वंदना से शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बहुजन गायक शशि भूषण द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जी के अमूल्य योगदान पर गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। शिक्षक मंच के द्वारा दिव्यांगजन को भेंट किए गए उपकरणों से उनके चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षक मंच समाज के प्रतिष्ठित प्रबुद्धजनों ,शिक्षकों ,छात्रों,दिव्यांजनो को सम्मानित करने पर गौरवान्वित महसूस करता है।

### ऑनलाइन आवेदन 21 से

**बीकानेर।** वेटरनरी विश्वविद्यालय के संघटक एवं सम्बद्ध वेटरनरी कॉलेजों में बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. डिग्री पाठ्यक्रम (सत्र 2025-26) में प्रवेश राजस्थान प्री-वेटरनरी टेस्ट (आर.पी.वी.टी.-2025) के माध्यम से होगा। समन्वयक आर.पी.वी.टी. प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि इस वर्ष स्नातक पाठ्यक्रम (वी.वी.एससी. एण्ड ए.एच.) में प्रवेश हेतु आर.पी.वी.टी. आयोजित की जा रही है जो कि 03 अगस्त को होगी। छात्रों के आवेदन के अनुरूप आ.पी.वी.टी. चार जिलों बीकानेर, जयपुर, उदयपुर एवं जोधपुर में आयोजित की जायेगी। प्रवेश हेतु अभ्यथिर्यों को ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म को बांछित सुचनाओं के साथ पूरा भरकर जमा करवाना होगा। ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म 21 अप्रेल से भरने प्रारंभ हो जाएगे जिसकों जमा करवाने की अंतिम दिनांक 30 मई मध्यरात्री तक है एवं विलम्ब शुल्क के साथ जमा करवाने की अंतिम तिथि 6 जून मध्यरात्री है। परीक्षा शुल्क, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं प्रवेश संबन्धित अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट उपलब्ध है।

### दो मैदानों पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बीकानेर।** क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ बीकानेर की ओर से 20 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर बीकानेर के दो प्रमुख मैदानों सादुल क्लब क्रिकेट मैदान और धरणीधर खेल मैदान में प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संघ के सचिव रतन सिंह ने बताया कि शिविर का संचालन बीकानेर के दो मैदानों पर किया जाएगा। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को तकनीकी कौशल, फिटनेस, बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं फील्डिंग से जुड़ी व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जाएगी।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी करौली एवं संयोजक जिला रजिस्ट्रीकरा प्राधिकरण करौली**

**सूचना**

**आक्षेप फाइल करने के लिये रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्शन**

मैं डॉक्टर दिनेश चन्द मीना नैदानिक स्थापना (रजिस्ट्रीकरण और विनियम) अधिनियम 2010 के अधीन प्राधिकारी होते हुये धारा 24 के अधीन 17 अप्रैल 2025 तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदनों पर विचार करने के पश्चात् नैदानिक स्थापना (रजिस्ट्रीकरण और विनियम) अधिनियम 2010 और तदधीन बने राजस्थान सरकार नौदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियम) अधिनियम 2013 के उपलब्धों के समाधान के लिये करौली जिले की अधिकारिता के भीतर नौदानिक स्थापनों की सूची, इसके द्वारा प्रकाशित करता हूँ।

| क्र. सं. | नैदानिक स्थापना का नाम व पता | औषध की पद्वति/श्रेणी | प्रावर्ग/अनुपालन किये गये मानक |
|---|---|---|---|
| 1 | मोहित डायग्नोस्टिक सेन्टर करौली सत्यवती बिहार गुलाब बाग करौली | बेसिक लैब | रोगी विज्ञान प्रयोगशाला हेतु |
| 2 | जगदम्बा डायग्नोस्टिक सेन्टर करौली चरोरा कॉलोनी करौली | बेसिक लैब | अधिसूचित न्यूनतम मानक |
| 3 | नन्दन पैथोलोजी लैब एण्ड एक्सरें हिण्डौन मोहन नगर हिण्डौन सिटी | पैथ लैब | |

उपर्युक्त सूची के सम्बंध में आक्षेप यदि कोई हो अधिनियम की धारा 26 के अधीन यथा अपेक्षित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख के 30 दिन के भीतर लिखित में दो प्रतियों में मु.चि. स्वा. अधि. करौली के कार्यालय में ई-मेल आईडी cmho-kar-rj@nic.in पर सूचित करें।

दिनांक:

डॉ. दिनेश चन्द मीना
संयोजक
जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी करौली